an>

Title: Need to construct Gadwa city bypass on National Highway No.75 in Palamu Parliamentary Constituency.

श्री विÂष्णु दयाल राम (पलामू) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र गढ़वा जिला, जहाँ से एनएच 75 गुजरती है, के बाइपास की ओर आपका ध्यान आकृÂष्ट करना चाहता हूँ। ...(व्यवधान)

इस बाइपास के निर्माण की स्वीकृति वÂर्ष 2010 में ही मिल गयी थी। ...(व्यवधान) परंतु आश्चर्य की बात है कि आज तक उसका डीपीआर नहीं बना, जबकि एनएच 75 पूर्ण होने की स्थिति में है। ...(व्यवधान)

गढ़वा शहर की यातायात व्यवस्था दुरूह हो गयी है। ...(व्यवधान) वहाँ एक छोटी-सी दूरी तय करने में भी लोगों को घंटों समय व्यतीत करना पड़ता है। इससे आम जनता को बहुत परेशानी हो रही है। ...(व्यवधान)

अतः आम जनता की परेशानी दूर हो, इसके लिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि गढ़वा जिला के बाइपास का शीघ्रातिशीघ्र निर्माण कराया जाए। ...(व्यवधान)